खबरों में रहे स्टॉक

साल्जर इलेक्ट्रॉनिक्स



आरडीएसएस के तहत स्मार्ट मीटर के लिए बड़ा ऑर्डर हासिल किया

₹ 865.8 पिछला बंद भाव
₹ 882.5 आज का बंद भाव
1.9 % ▲

ल्यूपिन



अमीफैम्प्रिडिन टैबलेट के लिए यूएसएफडीए से अस्थायी मंजूरी मिली

₹ 1,969.1 पिछला बंद भाव
₹ 1,991.1 आज का बंद भाव
1.1 % ▲

रेडिको खेतान



जाफरान के स्वाद-सुगंध वाली शराब अनकही जाफरान पेश की

₹ 2,189.9 पिछला बंद भाव
₹ 2,215.9 आज का बंद भाव
1.2 % ▲

अजमेरा रियल्टी ऐंड इन्फ्रा इंडिया



मुंबई के अंधेरी में पुनर्विकास परियोजना हासिल की

₹ 784.3 पिछला बंद भाव
₹ 790.5 आज का बंद भाव
0.8 % ▲

ट्रांसफॉर्मर्स ऐंड रेक्टिफायर्स



गुजरात एनर्जी ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन से 726 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला

₹ 374.8 पिछला बंद भाव
₹ 390.2 आज का बंद भाव
4.1 % ▲

संक्षेप में

शालीमार पेंट्स मामले में सेबी संग विवाद सुलझा

शालीमार पेंट्स लिमिटेड के मामले में अधिग्रहण मानकों के कथित उल्लंघन से संबंधित कार्यवाही को 34 इकाइयों ने सेबी को 3.04 लाख रुपये का भुगतान कर सुलझा लिया है। इस मामले के निपटान के लिए उर्वी जिंदल ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आवेदन दायर किया था। उन्होंने कथित उल्लंघनों के लिए शुरू की जा सकने वाली प्रवर्तन कार्यवाही को भुगतान कर निपटाने का प्रस्ताव दिया था। सेबी ने अपने निपटान आदेश में कहा, 'आवेदकों (उर्वी जिंदल के साथ मिलकर काम करने वाले व्यक्तियों) के संबंध में शुरू कार्यवाही का निपटान किया जाता है।' बाजार नियामक ने शालीमार पेंट्स के इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण के लिए हेला इन्फ्रा मार्केट प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से दायर मसौदा पेशकश की जांच करते समय अनियमितता पाई थी। *भाषा*

सोने और चांदी की कीमत नए रिकॉड स्तर पर

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख की वजह से सोमवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज हुआ। सोने की कीमत 1,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की उछाल के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना लगातार चौथे दिन मजबूत हुआ। आज इसकी कीमत 1,300 रुपये के उछाल के साथ 90,750 रुपये के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। चांदी की कीमतें भी 1,300 रुपये बढ़कर 1,02,500 रुपये प्रति किलो के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। *भाषा*

रेलिगेयर एंटरप्राइजेज ने शुरू की संचालन समीक्षा

बीएस संवाददाता
मुंबई, 17 मार्च

रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने आज शेयर बाजार को सूचित किया कि उसके निदेशक मंडल ने आरईएल और उसकी सहायक कंपनियों - रेलिगेयर फिनवेस्ट तथा रेलिगेयर हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनैंस के संचालन की समीक्षा शुरू कर दी है। निदेशक मंडल ने कंपनी के परिचालन को बनाए रखने के लिए तत्काल वित्तीय सहायता के लिए नए प्रवर्तक - बर्मन समूह से संपर्क करने का फैसला किया है क्योंकि कंपनी के धन प्रवाह की समीक्षा से संकेत मिलता है कि अगले कुछ महीनों में नकदी प्रवाह में कमी रह सकती है।

आरईएल के निदेशक मंडल ने कंपनी और उसकी सहायक फर्मों के संचालन आचरण के लिए कानून क्षेत्र की कंपनी ट्राइलीगल और ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी को नियुक्त किया है।

आरईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'इसका उद्देश्य परिचालन की पिछली कार्यप्रणालियों की समीक्षा करना, भविष्य के कार्यान्वयन के लिए प्रणालियों और नियंत्रणों से संबंधित सुधारों का सुझाव देना और जिन कंपनियों का पहले उल्लेख किया गया है, उनके कुछ मौजूदा

और/या पूर्व कर्मचारियों द्वारा किए गए कदाचार के किसी भी संभावित वाकये की पहचान करना है।'

इसके अलावा शेयर बाजार को दी गई सूचना में कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने धन प्रवाह की स्थिति की समीक्षा की है और अगले कुछ महीनों में नकदी प्रवाह की संभावना देखी है।

कंपनी ने कहा, 'विभिन्न विकल्पों की जांच के बाद निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से कंपनी का परिचालन बरकरार रखने के लिए तत्काल वित्तीय सहायता के वास्ते नए प्रवर्तक बर्मन समूह से संपर्क करने का फैसला किया है।'

इसके अतिरिक्त वित्तीय सहायता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निदेशक मंडल ने प्रवर्तक समूह या उसकी सहयोगी कंपनियों से अंतरिम रूप से अल्पकालिक अंतर कॉर्पोरेट ऋण की सिफारिश की है जो आवश्यकता के लिए कम समयसीमा को देखते हुए सबसे उपयुक्त होगा।

उपभोक्ता वस्तु क्षेत्र के समूह डाबर इंडिया के संस्थापक और नियंत्रित हिस्सेदार - बर्मन परिवार ने अधिग्रहण की 17 महीने की लड़ाई के बाद फरवरी में वित्तीय सेवा प्रदाता रेलिगेयर का नियंत्रण हासिल किया था।

धोखाधड़ी जांच कार्यालय के आरोपों से बरी

गौतम अदाणी, भाई राजेश को अदालत से राहत

नंदिनी सिंह
नई दिल्ली, 17 मार्च

बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के अध्यक्ष गौतम अदाणी और प्रबंध निदेशक राजेश अदाणी को एईएल के शेयर मूल्यों में कथित हेराफेरी से संबंधित गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) के आरोपों से बरी कर दिया।

न्यायमूर्ति राजेश एन लड्ढा ने सत्र न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें अदाणी और एईएल को लंबे समय से चल रहे मामले से मुक्त करने से इनकार कर दिया गया था। उन पर बाजार विनियमन उल्लंघन का आरोप लगाया गया था और इससे 388 करोड़ रुपये की रकम जुड़ी थी।

अदाणी और एईएल द्वारा सत्र न्यायालय के फैसले को चुनौती दिए जाने के बाद उच्च न्यायालय का यह फैसला आया। उनकी अपील पर वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई और विक्रम ननकानी ने दलील पेश की, जिन्होंने कहा कि उनके खिलाफ कार्यवाही जारी रखने का कोई आधार नहीं है।

यह मामला एसएफआईओ द्वारा 2012 में दायर आरोपपत्र से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि एईएल और अदाणी ने शेयर ब्रोकर केतन पारेख के साथ मिलकर शेयर कीमतों में हेरफेर किया था, जो 1999-2000 के भारत के सबसे बड़े शेयर बाजार घोटाले में अहम व्यक्ति था।

2014 में मजिस्ट्रेट की अदालत ने एईएल और अदाणी को आरोप मुक्त कर दिया था। हालांकि नवंबर

388 करोड़ रु का यह मामला बाजार नियमन के कथित उल्लंघन का है, जिस पर गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने 2012 में चार्जशीट दाखिल किया था

2019 में मुंबई की एक सत्र अदालत ने इसे पलट दिया, जिसने एक संशोधन याचिका पर फैसला सुनाया कि एसएफआईओ की जांच में प्रथम दृष्टया अदाणी समूह के प्रवर्तकों द्वारा 388.11 करोड़ रुपये और केतन पारेख द्वारा एईएल शेयरों के कथित हेरफेर के माध्यम से 151.40 करोड़ रुपये का अवैध लाभ दिखाया गया है। सत्र न्यायाधीश डी ई कोथलिकर ने तब माना था कि अदाणी के खिलाफ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद है। इसके बाद दिसंबर 2019 में उच्च न्यायालय ने सत्र न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी और सोमवार को अंतिम फैसला आने तक रोक को बार-बार बढ़ाया गया।

फरवरी 2023 में उच्च न्यायालय ने एसएफआईओ (कंपनी मामलों के मंत्रालय के तहत एक एजेंसी) से मामले को आगे बढ़ाने में देरी के बारे में पूछा क्योंकि 10 फरवरी 2022 से कोई सुनवाई नहीं हुई थी, जब अंतरिम रोक बढ़ा दी गई थी। अदालत ने पूछा कि क्या बाहरी परिदृश्य के कारण कार्रवाई नहीं हुई थी।

उस समय अदाणी समूह सार्वजनिक जांच के दायरे में था, जब अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें समूह पर दशकों से खुलेआम शेयरों में हेरफेर और लेखा धोखाधड़ी योजना का आरोप लगाया गया था।

एरिक्सन, एयरटेल की वोल्वो संग भागीदारी

शुभायन चक्रवर्ती
नई दिल्ली, 17 मार्च

विनिर्माण क्षेत्र में एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर), डिजिटल ट्विन प्रौद्योगिकियों और आर्टिफिशल इंटेलीजेंस (एआई) की संभावना तलाशने के लिए एरिक्सन, वोल्वो ग्रुप और भारती एयरटेल ने सोमवार को अपनी शोध भागीदारी की घोषणा की। वोल्वो समूह की फैक्ट्री और वोल्वो समूह के बेंगलूरु स्थित शोध एवं विकास केंद्र में किए जाने वाले इस शोध कार्य में औद्योगिक मेटावर्स अनुप्रयोगों का पता लगाया जाएगा।

इस भागीदारी में मानव औफ मशीन का इंटरेक्शन और सहयोग शामिल होगा। ये ऐसे कदम हैं जो पारंपरिक और डिजिटल दुनिया को मिलाएंगे। इस शोध साझेदारी से हासिल अनुभव विनिर्माण क्षेत्र में दक्षता बढ़ाने और नवाचार को बढ़ावा देने में सक्षम होगा।

डिजिटल ट्विन तकनीक सेंसर, सिमुलेशन और मशीन लर्निंग से डेटा को जोड़ती है ताकि प्रदर्शन का विश्लेषण किया जा सके, विफलताओं का अनुमान लगाया जा सके और भौतिक प्रणाली की आभासी प्रतिकृति बनाकर संचालन को अनुकूलित किया जा सके। इसे दूरसंचार कंपनियों द्वारा 5जी सेवाओं के लिए कमाई के प्रमुख क्षेत्र के रूप में गिना जाता है।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने पार किया 1 अरब लेनदेन का आंकड़ा : एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने जनवरी 2025 तक अपने मंच पर एक अरब लेनदेन का आंकड़ा पार कर लिया। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि यह विभिन्न व्यवसायों में लेनदेन की मात्रा में सालाना 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। बैंक तीन प्रमुख ग्राहक खंडों को अपनी सेवाएं देता है। *भाषा*

अजय सिंह स्पाइसजेट में लगाएंगे 294 करोड़ रुपये

स्पाइसजेट ने सोमवार को कहा कि उसके संस्थापक अजय सिंह वारंट को इक्विटी शेयरों में बदलकर प्रवर्तक समूह इकाई के जरिये विमानन कंपनी में 294 करोड़ रुपये निवेश करेंगे। इसके बाद विमानन कंपनी में प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी बढ़कर 33 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। सिंह विमानन कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भी हैं। वह प्रवर्तक समूह की कंपनी स्पाइस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के जरिये धन डालेंगे। स्पाइसजेट ने सोमवार को कहा कि सिंह 13,14,08,514 वारंट को समान संख्या में इक्विटी शेयरों (13.14 करोड़ इक्विटी शेयर) में बदलकर कंपनी में 294.09 करोड़ रुपये डालेंगे। *भाषा*

मारुति और टाटा बढ़ाएंगी यात्री और वाणिज्यिक वाहनों के दाम

अंजलि सिंह
मुंबई, 17 मार्च

वाणिज्यिक वाहन और यात्री वाहन बाजार की अग्रणी कंपनियों टाटा मोटर्स और मारुति सुजूकी ने कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन खर्च का हवाला देते हुए अप्रैल से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। मारुति की कारों की कीमतों में 4 फीसदी तक की बढ़ोतरी होगी जबकि टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें 2 फीसदी तक बढ़ जाएंगी।

उद्योग के आंतरिक सूत्रों ने यात्री वाहन की कीमतों में बढ़ोतरी को चौंकाने वाला बताया है।

फाडा अकेडमी ऐंड रिसर्च के चेयरमैन मनीष सिंघानिया ने कहा, यह मूल्य वृद्धि आश्चर्यजनक है क्योंकि यात्री वाहनों के लिए आपूर्ति श्रृंखला काफी हद तक स्थिर हो गई है और हमने कोई बड़ी बाधा नहीं देखी है। जबकि बढ़ती इनपुट लागत और परिचालन खर्च को इसके कारणों के रूप में उद्धृत किया जाता है, यह ओईएम. की ओर से एक मानक प्रतिक्रिया है। बाजार परिपक्व हो रहा है और मामूली 1.3 फीसदी की वृद्धि के पूर्वानुमान के साथ उच्च वृद्धि प्राप्त करना संभवतः मूल्य वृद्धि के बजाय नए मॉडलों की पेशकश पर निर्भर करेगा। वाणिज्यिक वाहन दबाव में हैं और पूरी तरह से सुधार होना अभी बाकी है। बढ़ी कीमतें वृद्धि को बढ़ावा देने के बजाय बाजार की धारणा को कमजोर कर सकती है।

मारुति सुजूकी इंडिया ने एक नियामक सूचना में कहा कि कीमत में बढ़ोतरी मॉडलों के आधार पर अलग-अलग होगी। कंपनी ने कहा, बढ़ती इनपुट लागत और परिचालन खर्च को देखते हुए कंपनी ने अप्रैल 2025 से अपनी कारों की कीमतों में वृद्धि करने की योजना बनाई है। कंपनी लगातार लागत को अनुकूलित करने और अपने ग्राहकों पर प्रभाव को कम करने का प्रयास करती है, लेकिन बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा बाजार पर डालने की जरूरत पड़ सकती है।

इस बीच, टाटा मोटर्स ने अपने सभी वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2 फीसदी तक का इजाफा करने की घोषणा की है, जो 1 अप्रैल से प्रभावी होगा। टाटा मोटर्स ने बताया कि इनपुट लागत में वृद्धि की भरपाई के लिए मूल्य वृद्धि आवश्यक है और यह अलग-अलग मॉडलों और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगी।

टैफे ने लक्ष्मी वेणु को वाइस चेयरमैन बनाया

दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर विनिर्माता कंपनियों में शुमार दिग्गज कंपनी टैफे (ट्रैक्टर्स ऐंड फार्म इक्विपमेंट) की निदेशक लक्ष्मी वेणु को टैफे का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उन्हें कृषि मशीनीकरण और वाहन कुलपुर्जा कारोबार में उनकी उपलब्धियों के लिए जाना जाता है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि उनकी रणनीतिक सोच, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, गुणवत्ता पर जोरदार झुकाव और टैफे के मैसी फर्ग्यूसन तथा आयशर ट्रैक्टर्स कारोबार में गहरी भागीदारी उनके नेतृत्व और लोगों, नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

टैफे की चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मल्लिका श्रीनिवासन ने कहा, 'लक्ष्मी हमारी नेतृत्व टीम की एक प्रमुख सदस्य और टैफे के निदेशक मंडल की सदस्य रही हैं। उनके प्रभावशाली योगदान की सराहना करते हुए निदेशक मंडल उन्हें वाइस चेयरमैन के रूप में नियुक्त करते हुए खुश है।' लक्ष्मी प्रमुख वाहन कलपुर्जा विनिर्माता सुंदरम-क्लेटनकी प्रबंध निदेशक भी हैं। वह येल विश्वविद्यालय से स्नातक हैं। *बीएस*

AUTHUM

ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 707, रहेजा सेंटर, फ्री प्रेस जर्नल रोड, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400 021
फोन: (022) 6747 2117 फैक्स: (022) 6747 2118 ई-मेल: info@authum.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) के प्रावधान देखें] [ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट--IV-A) (नियम 8(6)]

दबावग्रस्त परिसंपत्तियों के समाधान के लिए विवेकपूर्ण ढांचे पर दिनांक 7 जून, 2019 के आरबीआई परिपत्र संख्या **आरबीआई/2018-19/203, डीबीआर.सं. बीपी.बीसी. 45/21.04.048/2018-19, दिनांक 3 मार्च**, 2023 के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और 25 मार्च, 2023 को शेयरधारकों द्वारा पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार, रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के अपने ऋणदाताओं द्वारा अनुमोदित समाधान योजना के अनुसार, आरएचएफएल ने रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (इसके बाद 'आरसीएफएल' के रूप में संदर्भित) को एक सतत बिक्री के माध्यम से अपना व्यवसाय हस्तांतरित करने के लिए समझौता किया है और कर्जदार के ऋण खाते (खातों) से संबंधित सभी अधिकार और देयताएं भी आरसीएफएल को हस्तांतरित कर दी गई हैं।
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के अंतर्गत ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ('एआईआईएल') (परिणामी कंपनी, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड ('आरसीएफएल') से एआईआईएल को ऋण कारोबार के विभाजन के परिणामस्वरूप दिनांक 10.05.2024 के एनसीएलटी आदेश के अनुसार बनी) को गिरवी रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री, जिसका **कॉरपोरेट कार्यालय रूबी 11वीं मंजिल, उत्तर-पश्चिम विंग, प्लॉट संख्या 29, सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई- 400028** में है और शाखा कार्यालय **ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में शाखा कार्यालय, सी/ओ माई ब्रांच सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एम-12 से 16, ग्राउंड फ्लोर, कॉमर्स हाउस, 7, रेसकोर्स रोड, इंदौर, म.प्र. - 452001** में है।
जबकि ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ('एओ') ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्ट संख्याओं में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया है, ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के बकाए की वसूली के लिए इन्हें ''जहां है जैसा है और जो है जैसा है'' के आधार पर बेचने के अधिकार के साथ, बिक्री वेबसाइट **www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी मंच के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार (रों)/गारंटर(रों) के नाम	मांग सूचना की तिथि तथा राशि/बोली वृद्धि	भौतिक कब्जे की तिथि / कुल बकाया	आरक्षित मूल्य/जमा धरोहर राशि
ऋण खाता सं. RHH-LIND000024733 शाखा : इन्दौर कैलाश चौहान	22/07/2016 तथा रु. 32,03,470/- (रुपये बत्तीस लाख तीन हजार चार सौ सत्तर मात्र) बोली वृद्धि रु. 30000/- (रुपये तीस हजार मात्र)	26/10/2018 12 मार्च, 2025 तक कुल बकाया रु. 1,19,01,100.28/- (रुपये एक करोड़ उन्नीस लाख एक हजार एक सौ तथा अट्ठाईस पैसे मात्र)	रु. 3240000/- (रुपये बत्तीस लाख चालीस हजार मात्र) जमा धरोहर राशि (ईएमडी) रु. 324000/- (रुपये तीन लाख चौबीस हजार मात्र)

अचल संपत्ति/प्रतिभूत आस्ति का विवरण: प्लॉट नं. 26-ए, सेक्टर-सी, जीवन ज्योति विहार, ग्राम काली बिल्लोद देपालपुर, इन्दौर, मध्य प्रदेश-452001

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि :	ईएमडी की अन्तिम तिथि :	ई-नीलामी की तिथि/समय:-
4/13/2025 को 11:00-15:00	4/20/2025 को 5:00 बजे अप. तक	4/21/2025 को 12:00-14:00

भुगतान का माध्यम:- सभी भुगतान 'ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड' के पक्ष में इन्दौर में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया जाएगा। खातों का विवरण इस प्रकार है: ए.) खाते का नाम: ऑथम इन्वेस्टमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड सीएचडी खाता, बी) बैंक का नाम: एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, सी.) खाता संख्या: 99999917071983, डी.) आईएफएससी कोड: **HDFC000119**

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम व शर्तें:-
1. संपत्ति ''जहां है जैसा है और जो है जैसा है आश्रय रहित आधार'' पर बेची जा रही है। इस प्रकार बिक्री किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना है।
2. विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ई-नीलामी पर ऑनलाइन बोली लगाने के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर- 68, तीसरी मंजिल सेक्टर 44 गुड़गांव हरियाणा -122003 (संपर्क नंबर 7291981124,25,26) से संपर्क कर सकते हैं। सहायता ई-मेल - **Support@bankeauctions.com**, श्री भाविक पंड्या मोबाइल। 8866682937, ईमेल: **Gujarat@c1india.com**
3. अधिक जानकारी और पूछताछ के लिए, प्राधिकृत अधिकारी **रंजीत कुमार दुबे - मोबाइल नम्बर 9324671175** से संपर्क करें।
4. यह प्रकाशन प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अनुसार उपरोक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधककर्ता/गारंटर को उपरोक्त तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के बारे में 30 (तीस) दिन का नोटिस भी है।

स्थान : मध्य प्रदेश, दिनांक : 18.03.2025 **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी**

SBI

सॉफ्टवेयर फैक्ट्री विभाग, दूसरी मंजिल, भारतीय स्टेट बैंक, ग्लोबल आईटी-सेन्टर, एल एंड टी सीवुड्स, नवी मुंबई - 400706

शुद्धिपत्र - 1

आरएफपी न.: SBI/GITC/Software Factory/2024/2025/1287
दिनांक: 06.03.2025

कृपया दिनांक 06.03.2025 का 'अकाउंट एग्रीगेटर के लिए सॉफ्टवेयर समाधान और सेवा की खरीद हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध' शीर्षक वाला आरएफपी देखें.
शुद्धिपत्र - 1 अपलोड कर दिया गया है और इसे बैंक की वेबसाइट **https://www.bank.sbi** या **https://www.sbi.co.in** पर प्रोक्योरमेंट न्यूज के तहत और ई-टेंडर पोर्टल **https://etender.sbi/SBI** (इवेंट आईडी - 33334) पर देखा जा सकता है.
बोलियां जमा कराने की अंतिम तिथि व समय: 08.04.2025 दोपहर 03:00 बजे तक

स्थान: नवी मुंबई **उप महाप्रबंधक**
दिनांक: 18.03.2025 **सॉफ्टवेयर फैक्ट्री**

kotak

Kotak Mahindra Bank Limited
Regd office: 27BKC, C 27, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai – 400 051. Corporate office: Kotak Infiniti, Bldg No 21, Infinity Park, General AK Vaidya Marg, Malad (E), Mumbai – 400 097. www.kotak.com

AUCTION - NOTICE

That the below mentioned Borrower/s had availed gold loan facility against security of the gold ornaments/ items, as specified below. The Borrower/s defaulted in due repayment of the installments and outstanding dues and as a result of which the Bank was constrained to issue notices calling upon the Borrower/s to repay the outstanding amounts. However, the Borrower/s has failed to repay/clear his outstanding dues thereby compelling the Bank to auction the gold ornaments pledged in favour of the Bank.

The open auction of the above mentioned gold ornaments would be held on/after at :-

Date: 26-Mar-2025 Time: 11:00 AM Place: Respective Sub Locations/E-Auction

ApplApac	Party Name	State	Location	Sub Location	Gross Wgt
GLN2178877	AYUSH DHADSE	MADHYA PRADESH	BHOPAL	MPNAGAR	112.78
GLN2907072	MEGHA JAIN	MADHYA PRADESH	BHOPAL	MPNAGAR	293.40
GLN3232032	ISHAN RAJESH MENDHEKAR	MADHYA PRADESH	BHOPAL	MPNAGAR	10.52
GLN3183800	DEEPIKA RAJORIYA	MADHYA PRADESH	INDORE	PALDA	32.46

Bidders are requested to Submit a copy of their Photo – identity, signature and address proof along with their original for verification together with two recent photographs at Sub Location Branch. Also individual bidder should be present to handover the documents.The Bank reserves the right to change the venue/date/time of auction or cancel the auction / finalise the highest bid without any notice to bidders.

The cost of the auction process will be debited to the customer account. Bank reserves the right to recover the balance amount from the customer if the bid amount is insufficient to meet the payoff amount of the account.

For any further details/assistance/clarification regarding the terms and conditions of the auction, you are required to contact **Mr.Rakesh Jaiswar-9926051414**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 501, सॉलकन ऑरम, जसोला जनपद केन्द्र, नई दिल्ली– 110025
सीआईएन : यू65900डीएल2020पीएलसी366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित ऋणकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा बैंक से प्राप्त किए गए स्वर्ण ऋण / ऋणानेक जो हैं वे बैंक द्वारा निर्गत व्यक्तिगत सूचनाओं सहित अनेक माँगों एवं सूचनाओं के बाद भी उनके द्वारा समायोजित नहीं किये गये हैं। समस्त ऋणकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक के पास प्रतिभूति के रूप में रखे गये स्वर्णाभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है तथा तद्नुसार **27 मार्च 2025** को **अप. 03.00 बजे** उन शाखा परिसरों में नीलामी की तिथि के रूप में निर्धारित किया गया है जहां से ऋण प्राप्त किया गया था / किये गये थे। ऋणकर्ताओं सहित समस्त सर्वसाधारण, खाताधारक और जनसाधारण नीलामी के नियमों एवं शर्तों के अनुसार इस नीलामी में प्रतिभागिता कर सकते हैं।

क्र. सं.	शाखा	खाता संख्या	खाताधारक का नाम	पिता / पति–पत्नी का नाम	पता	खाता खोलने की तिथि	पेऑफ
1.	इंदौर	101042520531	जयदीप एस शक्तावत	पुत्र सूरज सिंह शक्तावत	सूरज सिंह 237 हाईवे ड्रीम सिटी इंदौर मध्य प्रदेश 453551	14-11-2024	44,006.58
2.	इंदौर	101042520520	सचिन बिड़ला	पुत्र रामेश्वर बिड़ला	71/72, इंदौर, सुखलिया सांवेर रोड इंदौर मध्य प्रदेश 452015	13-11-2024	18,65,663.34
3.	इंदौर	101042520516	प्रह्लाद पाटीदार	पुत्र पूनम चंद पाटीदार	मकान नंबर 63 गोविंद कॉलोनी इंदौर मध्य प्रदेश 452015	12-11-2024	39,969.56
4.	इंदौर	101042520534	आदर्श श्रीवास्तव	पुत्र धर्मेन्द्र	315 श्री राम नगर, हवा बैंगल के पास इंदौर मध्य प्रदेश 452009	16-11-2024	1,29,598.83

नीलामी तिथि 27 मार्च 2025 को अप. 03.00 बजे है

बैंक के पास बिना कोई पूर्व सूचना दिये नीलामी से किसी भी खाता को समाप्त करने अथवा नीलामी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

TATA POWER-DDL

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे केम्प, दिल्ली–110009
CIN No. U40109DL2001PLC111526, वेबसाइट: tatapower-ddl.com

निविदा सूचना आमंत्रित Mar 18, 2025

टाटा पावर–डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु)	बोली दस्तावेज की बिक्री	बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/ निविदा खोलने की तारीख और समय
TPDDL/ENGG/ENQ/200001788/24-25 RC for Supply of 11mtr and 9mtr PCC HT/LT Poles at TPDDL Site/Store	9.22 Crs/ 6,62,000	18.03.2025	07.04.2025;1400 Hrs/ 07.04.2025;1430 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200001790/24-25 RC- C/o RWH Works in various Locations in TPDDL	1.99 Crs/ 1,00,000	18.03.2025	07.04.2025;1500 Hrs/ 07.04.2025;1530 Hrs

शुद्धिपत्र/निविदा तिथि विस्तार

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	पूर्व प्रकाशित दिनांक	संशोधित निविदा तिथि/बोली जमा कराने की तिथि/बोली खोलने की तिथि
TPDDL/ENGG/ENQ/200001781/24-25 RC for Procurement of 11KV RMUs	20.02.2025	26.03.2025 at 1600 Hrs/ 26.03.2025 at 1630 Hrs

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website **www.tatapower-ddl.com** → Vendor Zone → Tender / Corrigendum Documents

भोपाल संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रि